प्रादेषिक समाचार

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 02.10.2023 समय 18.30

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चित्तौड़गढ़ में सात हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया– कहा इनसे बुनियादी ढांचे, सम्पर्क और शिक्षा पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार आने पर जनहित की किसी भी योजना को नहीं रोका जाएगा– भ्रष्टाचारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई।
- राष्ट्र आज महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।
- चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों में भारत ने 3 कांस्य पदक और जीते– पदकों की कुल संख्या हुई 56 ।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में लगभग सात हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और उनकी आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने मेहसाणा–भटिंडा–गुरदासपुर गैस पाइपलाइन का लोकार्पण किया, जिसे लगभग चार हजार पांच सौ करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया उनमें चित्तौड़गढ़–नीमच रेलवे लाइन और कोटा–चित्तौड़गढ़ विद्युतीकृत रेलवे लाइन के दोहरीकरण से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत नाथद्वारा में पर्यटन व्याख्या सह–सांस्कृतिक केन्द्र और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, चित्तौड़गढ़ से शुरू की जा रही परियोजनाओं का राजस्थान के बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और शिक्षा पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा और आम लोगों का जीवन और भी सुगम होगा।

0000

इससे पहले प्रधानमंत्री ने चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने कहा कि पिछड़े इलाकों का विकास उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार ने देश के आकांक्षी जिलों का चयन किया है, जहां विकास कार्य किये जा रहे हैं। राजस्थान के भी कई जिलों को इस योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। सरकार ने इस योजना में एक कदम आगे बढ़ाया है और आकांक्षी प्रखंडों के विकास का काम शुरू किया है। श्री मोदी ने कहा कि वंचितों को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से सरकार ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम भी शुरू किया है, जिसके तहत सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चित्तौड़गढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा राज्य में भाजपा सरकार आने पर किसी भी जनहित की योजना को रोका नहीं जाएगा, वे जारी रहेंगी लेकिन राजस्थान की जिन योजनाओं में भ्रष्टाचार हुआ है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। श्री मोदी ने कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

0000

राजसमंद जिले के नाथद्वारा में चौबीस करोड रूपये की लागत से कृष्णा सर्किट योजना के तहत हुए विकास कार्यों को लेकर सांसद दीया कुमारी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होने से यह क्षेत्र देश के अन्य धार्मिक केन्द्रों से स्वतः जुड गया है।

000

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। नई दिल्ली के राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश में भी गांधी जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धाजंलि दी। श्री मिश्र ने इनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जन जन को सत्य, अहिंसा और न्याय के साथ ईमानदारी से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शासन सचिवालय और गांधी सर्किल स्थित बापू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शासन सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कोटा में गांधी जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम चम्बल गार्डन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की और बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद और जिला प्रशासन की ओर से सद्भावना दौड का आयोजन भी किया गया। टोंक जिलों में गांधी जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। देवली उपखण्ड मुख्यालय पर कुछ संस्थाओं की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

बूंदी जिले में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर गांधी जयंती के अवसर पर प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ। शहर के नॉलेज पार्क में आयोजित समारोह में बेहतरीन अभियान और स्वच्छ भारत मिशन में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को जिला स्वच्छता अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित सद्भावना दौड़ में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। सीकर में कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई। बारां में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन हुआ। बांसवाडा जिला कारागार में कैदियों ने महात्मा

गांधी की जयंती मनाई। डूंगरपुर में इस मौके पर प्रभातफेरी निकाली गई और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। अलवर में वन्यजीव सप्ताह के दूसरे दिन गांधी जयन्ती के अवसर पर 'ग्रीन सरिस्का क्लीन सरिस्का' की थीम पर स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें स्कूली छात्र–छात्राओं, ग्रामीणों और बॉर्डर होमगार्डस सहित बडी संख्या में लोग शामिल हुए। झुन्झुनू, दौसा, सवाईमाधोपुर, भीलवाडा, झालावाड, नागौर, करौली और चूरू सहित कई जिलों में भी गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

000

भरतपुर में आज गांधी जयंती के अवसर पर विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में 125 फ़ीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकापर्ण किया गया। इस अवसर पर पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेंद्र सिंह और तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष गर्ग मौजूद रहे। कार्यक्रम में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी पार्क में भी सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया

000

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का नारा आज भी नई पीढी को प्रेरित करता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि लाल बहादुर शास्त्री के साहस, सेवा और सादगी को हमेशा याद किया जाएगा। राज्यपाल कलराज मिश्र ने लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। टोंक में लोगों ने शास्त्री जी को श्रद्धाजंलि अर्पित कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सीकर और बारां में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धाजंलि दी गई और वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

000

चीन के हांगझाऊ में 19वें एशियाई खेलों में आज भारत ने तीन और कांस्य पदक जीत लिये हैं। पदक तालिका में भारत 13 स्वर्ण, 21 रजत और 22 कांस्य पदकों के साथ कुल 56 पदक लेकर चौथे स्थान पर बना हुआ है। स्पीड स्केटिंग में पहले भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता, उसके बाद पुरुष टीम ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं टेबल टेनिस के महिला डबल्स मुकाबले में भी भारत के हिस्से में कांस्य पदक आया।

000

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में निशानेबाजी, नौकायन, टेनिस और वुशु के एशियाई खेलों के 24 पदक विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री ठाकुर ने एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एथलीटों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं ने देश को बहुत गौरव दिलाया और उनकी कड़ी मेहनत और प्रयासों ने एक उभरती हुई खेल महाशक्ति के रूप में देश का गौरव बढ़ाया है। श्री ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया वांछित परिणाम ला रहा है क्योंकि खेलों के माध्यम से आगे आने वाले कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक प्राप्त कर रहे हैं।

0000